Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding restructuring of Kisan Credit Card Loan Scheme.

श्री सुमेधानन्द सरस्वती (सीकर): अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री और वित्त मंत्री जी का ध्यान किसानों की एक समस्या की ओर आकर्षित कराना चाहता हूं । सरकार किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से लोन देती है । सस्ते ब्याज पर यह पैसा दिया जाता है । छह माह के अंदर किसानों को पैसा वापस जमा कराना पड़ता है । परंतु कई बार ऐसी परिस्थिति होती है, जैसे अकाल या फसल खराब होने के कारण किसान समय पर पैसा जमा नहीं करा पाते हैं । उसका परिणाम यह होता है कि किसान को नोटिस आना प्रारंभ हो जाता है । किसान को तीन प्रतिशत ब्याज की सुविधा समाप्त हो जाती है और भारी ब्याज देना पड़ता है । ऐसी स्थिति में किसान किसी साहूकार से पैसा उठाता है ।

अध्यक्ष जी, कई बार पांच-पांच सैकड़ा पर एक सप्ताह के लिए पैसा उठाना पड़ता है जबकि ये पैसा जमा कराने के सात दिन बाद बैंक उसको वापस पैसा दे देते हैं । मेरा निवेदन है कि यदि किसान से मात्र ब्याज जमा करा लिया जाए तो किसान इस मार से बच जाएगा । साहूकारों के शोषण से बच जाएगा । दोबारा उसके पास साधन होगा तो वह पैसा जमा करा सकता है । मेरा निवेदन है कि यह सुविधा किसानों को दी जानी चाहिए । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: श्री राजेन्द्र अग्रवाल और श्री नारणभाई काछड़िया को श्री सुमेधानन्द सरस्वती द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

श्रीमती गीताबेन वजेसिंहभाई राठवा । छोटा उदयपुर एक आदिवासी इलाका है, जहां से गीताबेन जी चुन कर आई हैं ।